Get Printed Study Notes for UPSC Exams - www.iasexamportal.com/notes

CS (Main) Exam, 2020

वियोज्य DETACHABLE

# मनोविज्ञान (प्रश्न-पत्र II)

# PSYCHOLOGY (Paper II)

| निर्धारित समय : तीन घण्टे<br>Time Allowed : Three Hours | अधिकतम अंक : 250<br>Maximum Marks : 250 |
| --- | --- |

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं ।

उम्मीदवार को कुल **पांच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.





Get Printed Study Notes for UPSC Exams - www.iasexamportal.com/notes

## खण्ड 'A' SECTION 'A'

**1.** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

**1. (a)** सामाजिक एकीकरण से क्या तात्पर्य है ? भारत में वर्तमान परिदृश्य में सामाजिक एकीकरण के प्राप्तार्थ धार्मिक समरसता कैसे प्रोत्साहित की जा सकती है ?

What is meant by social integration ? How can religious harmony be promoted to attain social integration in the present scenario in India ? 10

**1. (b)** मादक पदार्थों के दुरुपयोग से ग्रसित व्यक्तियों के पुनर्वासन में सामाजिक एजेन्सियों की भूमिका को प्रस्तुत कीजिए ।

Bring out the role of social agencies in the rehabilitation of persons suffering from substance abuse. 10

**1. (c)** 'दूरदर्शन और जन संचार माध्यमों के द्वारा मूल्य प्रोत्साहित नहीं किए जा सकते' । इस अभिकथन का समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए ।

'Values cannot be fostered through TV and mass media'. Critically evaluate the statement. 10

**1. (d)** काँच वितान प्रभाव क्या है ? उन कारकों की उदाहरणों के सहित विवेचना कीजिए जिन्होंने कुछ महिलाओं को इस काँच वितान को भंग करने में सुसाध्य किया ?

What is meant by glass ceiling effect ? Discuss the factors that facilitated some women to break this glass ceiling. Illustrate with some examples. 10

**1. (e)** एक दूरस्थ ग्राम में महिलायें विकास सम्बन्धी लाभों से वंचित रही हैं । आप क्या क़दम सुझायेंगे ताकि महिलायें उनसे लाभान्वित हो सकें ?

Women in a remote village have been deprived of development related benefits. What steps would you suggest to enable women to take advantage of these benefits ? 10

**2. (a)** भारत में आज के संगठनों में विविधता की प्रकृति की व्याख्या कीजिए । विविधता के प्रबन्धनार्थ संगठनों को क्या क़दम उठाने चाहिए ?

Explain the nature of diversity in today's organizations in India. What steps should organizations take to manage diversity ? 15

**2. (b)** मनोवैज्ञानिक परीक्षणों को विकसित और उपयोग करने में क्या-क्या चुनौतियाँ हैं ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

What are the challenges in the development and uses of psychological tests ? Illustrate with examples. 15

**2. (c)** शैक्षिक व्यवस्था में मनोवैज्ञानिक परीक्षण के प्रमुख उद्देश्यों को बताइए तथा मनोवैज्ञानिक परीक्षण शिक्षकों व शिक्षार्थियों दोनों को जिन तरीकों से सहायता करते हैं उनकी विवेचना कीजिए ।

Enumerate the major purposes of psychological testing in educational settings and discuss ways in which psychological testing helps both the teacher and student. 20

**3. (a)** अंतःसमूह और बहिःसमूह के रूप में वर्गीकरण सामाजिक सम्बन्धों को कैसे प्रभावित करता है ? वर्गीकरण के ऐसे प्रभाव को कैसे न्यूनीकृत किया जा सकता है ? सोदाहरण व्याख्या कीजिए ।

How does categorization as in-group and out-group influence social relations ? How can such influence of categorization be minimized ? Discuss with examples. 15





Get Printed Study Notes for UPSC Exams - www.iasexamportal.com/notes

**3. (b)** पर्यावरणीय अवनयन एक प्रमुख मुद्दा है । इसके होने के कारण और भारत में लोगों के जीवन और समाज को इसने जैसे प्रभावित किया है उसकी व्याख्या कीजिए ।

Environmental degradation is a major issue. Explain what has led to this and how it has impacted the life of people and society in India. 15

**3. (c)** मीडिया समाज-समर्थक और समाज-विरोधी व्यवहार को कैसे प्रभावित करता है ? समाज-समर्थक और समाज-विरोधी व्यवहार के एक-एक दृष्टान्त की विवेचना कीजिए ।

How media influences pro and anti-social behaviour ? Discuss one instance of pro-social and one instance of anti-social behaviour. 20

**4. (a)** 'आत्मनिर्भर भारत' हेतु सू. प्रौ. (आई. टी.) और मास मीडिया के प्रबन्धन में मनोविज्ञान कैसे योगदान कर सकता है ? विवेचना कीजिए ।

How can psychology contribute in managing IT and mass media for 'Atma Nirbhar Bharat' ? Discuss. 15

**4. (b)** बाल अपराधी कौन होते हैं ? बाल अपराधियों के पुनर्वासन एवं बाल अपराधों की रोकथाम में सम्मिलित क़दमों की विवेचना कीजिए ।

Who are juvenile delinquents ? Discuss the steps involved in the rehabilitation and prevention of juvenile delinquency. 15

**4. (c)** अनुसंधान और विकास संगठनों में कार्यरत लोगों में तनाव के संभाव्य स्रोत क्या होते हैं ? इन संगठनों में तनाव प्रबन्धन हेतु कुछेक वैयक्तिक और सांगठनिक उपागमों की विवेचना कीजिए ।

What are the potential sources of stress for people working in research and development organisations ? Discuss some of the individual and organizational approaches in these organizations to manage stress. 20

## खण्ड 'B'     SECTION 'B'

**5.** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

**5. (a)** आर्थिक विकास को समझने में सहायता करने वाले मनोवैज्ञानिक संकल्पन की व्याख्या कीजिए ।

Explain the psychological conceptualization that helps in understanding the economic development. 10

**5. (b)** देशज चिकित्सायें शास्त्रीय अन्तर्दृष्टि चिकित्साओं का एक विकल्प कैसे हैं ? विवेचना कीजिए ।

How are indigenous therapies an alternative to classical insight therapies ? Discuss. 10

**5. (c)** जनसंख्या वृद्धि ने मानवीय और सामाजिक जीवन को कैसे प्रभावित किया है ? कोविड-19 महामारी संकट के आलोक में इसकी विवेचना कीजिए ।

How has population growth impacted human and social lives ? Discuss this in the light of COVID-19 pandemic crisis. 10

**5. (d)** संगठनों में राजनीतिक व्यवहार को योगदान करने वाले कारकों की विवेचना कीजिए ।

Discuss the factors that contribute to political behaviour in organizations. 10

**5. (e)** मनोवैज्ञानिक परीक्षण किस प्रकार वैयक्तिक मतभेदों को आँकने के बेहतर साधन हैं ? व्याख्या कीजिए ।

In what ways psychological tests are better tools in assessing individual differences ? Explain. 10



Download FREE UPSC E-BOOKS
FREE!
CLICK HERE

Get Printed Study Notes for UPSC Exams - www.iasexamportal.com/notes

**6.** (a) एक सीमान्तीकृत समुदाय में प्रभावी सामाजिक परिवर्तन में योगदान करने वाले प्रधान तत्त्वों की पहचान और विवेचना कीजिए ।

Identify and discuss the key elements contributing to effective social change in a marginalized community. 15

**6.** (b) अभिप्रेरणा मनोविज्ञान के आधार पर उद्यमिता विकासार्थ एक कार्यक्रम-रूपरेखा लिखिए ।

On the basis of psychology of motivation write a programme-sketch for entrepreneurship development. 15

**6.** (c) मनोगत्यात्मक और ग्राहक केन्द्रित चिकित्साओं के मौलिक अभिमतों का चित्रण कीजिए । मनोविकारों के उपचार के रूपों के तौर पर इन चिकित्साओं की प्रभाविता की विवेचना कीजिए ।

Illustrate the basic tenets of psycho-dynamic and client centered therapies. Discuss the effectiveness of these therapies as forms of treatment of mental disorders. 20

**7.** (a) कठिन भूभाग में तैनात रक्षाकर्मियों द्वारा सामना की जाने वाली कुछेक समस्यायें क्या हैं ? विवेचना कीजिए कि उनमें सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य को कैसे प्रोत्साहित किया जा सकता है ।

What are some of the problems faced by defence personnel posted in tough terrain ? Discuss how positive mental health can be promoted among them. 15

**7.** (b) स्मृति विकास हेतु प्रशिक्षण में प्रयुक्त प्रविधियों का वर्णन एवं मूल्यांकन कीजिए ।

Describe and evaluate the techniques used in the training for memory development. 15

**7.** (c) अवसाद के लक्षणों और मनोदशा विकार का वर्णन कीजिए । हेतुविज्ञानीय कारकों का एक विवरण दीजिए और इन विकारों के उपयुक्त चिकित्सीय उपचार सुझाइए ।

Describe the symptoms of depression and mood disorder. Give an account of etiological factors and suggest the appropriate therapeutic treatment for these disorders. 20

**8.** (a) उच्च कौशलयुक्त पेशेवरों के मामले में उनकी अभिप्रेरणा उनके अन्दर से आती है या यह स्थितिपरक कारकों का परिणाम होती है ? अभिप्रेरणा के सिद्धान्तों के आलोक में इसकी व्याख्या कीजिए ।

In case of highly skilled professionals does their motivation come from within or is it the result of situational factors ? Explain this in the light of theories of motivation. 15

**8.** (b) मनोविदलात्मक विकार दुश्चिन्ता विकार से कैसे भिन्न होते हैं ? सोदाहरण व्याख्या कीजिए ।

How are schizophrenic disorders different from anxiety disorders ? Explain with examples. 15

**8.** (c) एक ऐसे सामाजिक समूह पर विचार कीजिए जो दीर्घकालिक वंचन के अधीन रहा है । इस समूह के लोगों के जीवन को दीर्घकालिक वंचन ने किस-किस प्रकार से प्रभावित किया है ? इन प्रभावों के प्रशमनार्थ उपायों को सुझाइए ।

Think of a social group which has been subjected to prolonged deprivation. In what ways prolonged deprivation has impacted the lives of people belonging to this group ? Suggest ways to mitigate these effects. 20

---



Download FREE UPSC E-BOOKS
FREE!
CLICK HERE